### एक नजर में

## यात्री बस में कृषि जिंसों की बोरियां मिलीं



**नीमच।** यात्री बसों में कृषि जिंसों की लोडिंग-अनलोडिंग किए जाने की शिकायतों के बाद परिवहन विभाग ने सोमवार शाम कार्रवाई की। जिला परिवहन अधिकारी नंदलाल गामड़ के नेतृत्व में आरटीओ की टीम ने हेडगेवार बस स्टैंड पर बसों की जांच की। इस दौरान नीमच से दिल्ली जा रही गायत्री ट्रेवल्स की बस में कृषि उपज की बोरियां मिलीं। टीम ने बस से बोरियां उतरवाने के साथ ही परमिट की शर्तों के उल्लंघन पर बस संचालक के खिलाफ 5 हजार रुपए का चालान बनाया। जिला परिवहन अधिकारी नंदलाल गामड़ ने बताया कि विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि यात्री बसों में यात्रियों को ले जाने के साथ कृषि जिंसों की बोरियां भी लोड की जा रही हैं। इसी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सोमवार शाम हेडगेवार बस स्टैंड पर जांच की गई। जांच के दौरान गायत्री ट्रेवल्स की बस में कृषि उपज की बोरियां मिलीं। इन्हें तत्काल बस से उतरवाया गया और नियमानुसार चालानी कार्रवाई की गई। परिवहन विभाग के अनुसार यात्री वाहनों के परमिट में निर्धारित शर्तों के विपरीत कृषि उपज अथवा अन्य सामान का परिवहन किए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। विभाग का कहना है कि यात्री बसों में इस तरह से सामान लोड किए जाने से यात्रियों की सुविधा और निर्धारित परिवहन नियमों का उल्लंघन होता है। ऐसे मामलों की शिकायत मिलने पर बसों की जांच की जाएगी।

## बुधवार को 4 घंटे बंद रहेगी बिजली, शहर के कई इलाके प्रभावित

**नीमच।** शहर के कई इलाकों में बुधवार, 23 सितंबर को चार घंटे बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। विद्युत विभाग द्वारा प्रीमानसून मेंटेनेंस कार्य के लिए 11 केव्ही रेलवे फीडर का शटडाउन लिया जाएगा। सहायक यंत्री (शहर) के अनुसार सुबह 7:30 बजे से 11:30 बजे तक रेलवे फीडर से विद्युत प्रदाय बंद रहेगा। इसके चलते फीडर से जुड़े क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। शटडाउन के दौरान ऑफिसर कॉलोनी, किलेश्वर ग्रिड के सामने का क्षेत्र, कुमारिया विरान, किलेश्वर गेट से रेलवे स्टेशन तक का क्षेत्र, राज पैलेस तथा कृषि उपज मंडी का आंशिक क्षेत्र प्रभावित रहेगा। विद्युत विभाग ने बताया कि निर्धारित समय के दौरान मेंटेनेंस कार्य पूरा करने के प्रयास किए जाएंगे। हालांकि कार्य की आवश्यकता के अनुसार शटडाउन की अवधि में कमी या बढ़ोतरी संभव है। विभाग ने उपभोक्ताओं से आवश्यक कार्य बिजली बंद होने से पहले निपटा लेने की अपील की है।

## जिले में आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**नीमच।** नवम राष्ट्रीय पोषण माह 2026 के अंतर्गत जिले में आयुष विभाग द्वारा विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों, टीकाकरण केंद्रों एवं विद्यालयों में पोषण जागरूकता कार्यक्रम तथा आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं, किशोरी बालिकाओं, बच्चों एवं विद्यार्थियों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार, आहार विविधता, प्रोटीन युक्त भोजन, स्तनपान तथा स्वस्थ जीवनशैली के संबंध में जानकारी दी गई। शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय पिपलियाराव द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक-2, बड़िया जागीर में आयोजित कार्यक्रम में 'त्योहारों एवं उत्सवों में आंगनवाड़ी केंद्रों पर भोज का आयोजन' थीम के तहत ताजा, विविधतापूर्ण, पौष्टिक, गर्म एवं सुपाच्य भोजन के महत्व की जानकारी दी गई। गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं किशोरी बालिकाओं को विशेष रूप से पोषण, स्तनपान एवं लैक्टेशन के दौरान संतुलित आहार के महत्व के बारे में बताया गया। स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न रोगों के संबंध में परीक्षण एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा परामर्श के साथ नि:शुल्क बीपी जांच तथा आवश्यकतानुसार आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण किया गया। शिविर में 39 लाभार्थी शामिल हुए।

# नीमच-सिंगोली मार्ग के डायवर्शन पर मिट्टी में धंसा ट्रक

- पलटने से मची अफरा-तफरी, मालखेड़ा गांव के पास हादसा
- जनहानि टली, डायवर्शन की मजबूती और सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल



**नीमच।** नीमच-सिंगोली मार्ग पर चल रहे निर्माण कार्य के बीच वाहनों की आवाजाही के लिए बनाए गए डायवर्शन की व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात मालखेड़ा गांव के पास निर्माणाधीन सड़क के डायवर्शन पर एक ट्रक मिट्टी में धंसने के बाद पलट गया। हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई, हालांकि ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रात के समय ट्रक डायवर्शन से होकर गुजर रहा था। इसी दौरान उसका पहिया कमजोर मिट्टी में धंस गया और वाहन असंतुलित होकर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गनीमत रही कि दुर्घटना में कोई व्यक्ति गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ।

स्थानीय लोगों के अनुसार निर्माणाधीन सड़क पर यातायात जारी रखने के लिए बनाए गए डायवर्शन पर भारी वाहनों की सुरक्षित आवाजाही के लिए पर्याप्त मजबूती नजर नहीं आ रही है। लोगों का आरोप है कि डायवर्शन में मिट्टी का आधार कमजोर होने के कारण भारी वाहनों के पहिए धंस रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नीमच-सिंगोली मार्ग पर निर्माण कार्य के चलते पहले से ही वाहनों को डायवर्शन से होकर गुजरना पड़ रहा है। ऐसे में डायवर्शन की सतह मजबूत और सुरक्षित होना जरूरी है। यदि व्यवस्था में समय रहते सुधार नहीं किया गया तो भविष्य में बड़ा हादसा हो सकता है।

**जांच और सुधार की मांग-** मालखेड़ा के पास ट्रक पलटने की घटना के बाद स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग एवं निर्माण एजेंसी से डायवर्शन की स्थिति की जांच कराने की मांग की है।

लोगों ने डायवर्शन को मजबूत करने, आवश्यकतानुसार निर्माण सामग्री डालकर सड़क को समतल करने तथा रात के समय पर्याप्त संकेतक एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान यातायात को सुरक्षित रखना संबंधित जिम्मेदारों की प्राथमिकता होनी चाहिए।



## पुजारी पर भूत-प्रेत के नाम डर फैलाने का आरोप

**नीमच।** जिले की जीरन तहसील के मालिया गांव के ग्रामीण मंगलवार को भारी संख्या में जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे। ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार मृगेंद्र सिसोदिया को ज्ञापन सौंपकर गांव के देवनारायण मंदिर (देवरा) के पुजारी पर ढोंग रचने, अंधविश्वास फैलाने और अवैध वसूली करने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

ग्रामीण खुमान सिंह परिहार ने कलेक्ट्रेट में बताया कि देवनारायण मंदिर सरकारी नियंत्रण में है और कलेक्टर इसके व्यवस्थापक हैं। इसके बावजूद वर्तमान पुजारी मोहनलाल (पिता लाभचंद मेघवाल) पिछले दो-तीन सालों से हर शनिवार को देवरे पर चौकी लगाकर भूत-प्रेत और तंत्र-मंत्र के नाम पर लोगों में भ्रम फैला रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि विरोध करने पर पुजारी गाली-गलौज करता है और जादू-टोने से नुकसान पहुंचाने व झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकियां देता है।

ग्रामीणों ने ज्ञापन के जरिए प्रशासन से मांग की है कि अंधविश्वास फैलाने और डराने-धमकाने वाले पुजारी को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए और किसी योग्य व्यक्ति को मंदिर का दायित्व सौंपा जाए।

## मानदेय और लंबित भुगतान की मांग को लेकर महिला समूह संचालकों व रसोइयों की चौका-चूल्हा बंद हड़ताल जारी

**नीमच।** मानदेय बढ़ाने, लंबित भुगतान जारी करने और विभिन्न मांगों को लेकर महिला स्वयं सहायता समूह संचालकों एवं महिला रसोइयों की 21 सितंबर से शुरू हुई चौका-चूल्हा बंद हड़ताल मंगलवार को भी जारी रही। संगठन की ओर से मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपकर मांगों के निराकरण की मांग की गई।

संगठन ने समय पर मानदेय का भुगतान, 10 माह के बजाय 12 माह का भुगतान, लंबित राशि तत्काल जारी करने, पोषण आहार की लागत और खाद्यान्न की मात्रा बढ़ाने सहित कई मांगें रखीं। इसके अलावा रसोइयों को ड्रेस के लिए वार्षिक राशि देने, भोजन के बाद बच्चों की जूठी थालियां साफ करने के लिए अतिरिक्त मानदेय या सहायिका उपलब्ध कराने तथा कागजी प्रक्रिया सरल करने की मांग भी की गई। महिला समूह संचालकों का कहना है कि वे आंगनवाड़ी, पूरक पोषण आहार और शासकीय स्कूलों में मध्यान्ह भोजन योजना का संचालन कर रही हैं, लेकिन सीमित मानदेय और भुगतान में देरी के कारण उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



## पाइपलाइन डालने के बाद सड़क की मरम्मत नहीं, बारिश में कीचड़ और फिसलन से वृंदावन कॉलोनी वासी परेशान

**नीमच।** महू रोड स्थित वृंदावन कॉलोनी में नवीन पाइपलाइन डालने के बाद सड़क की मरम्मत नहीं होने से रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़क की खुदाई के बाद निकली काली मिट्टी को सड़क पर ही डाल दिया गया। बारिश के बाद यही मिट्टी कीचड़ में बदल गई, जिससे कॉलोनी के मुख्य मार्ग सहित अन्य सड़कों पर आवागमन मुश्किल हो गया है।

कॉलोनीवासियों के अनुसार काली मिट्टी चिकनी होने के कारण सड़क पर फिसलन बढ़ गई है। दोपहिया वाहन चालकों के साथ पैदल राहगीरों के लिए भी यहां से गुजरना जोखिम भरा हो गया है। रहवासियों का दावा है कि फिसलन के चलते कई लोग और स्कूली बच्चे सड़क पर गिरकर चोटिल हो चुके हैं। इसके बावजूद सड़क को पूर्व स्थिति में लाने के लिए अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।



रहवासियों ने बताया कि सड़क की बदहाल स्थिति से नगर पालिका नीमच के संबंधित अधिकारियों, वार्ड पार्षद, प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने से लोगों में नाराजगी है।

## पर्यावरण मित्रों ने पौधरोपण कर किया श्रमदान

**नीमच।** प्राणी जगत के सुखद जीवन जीने के लिए प्रकृति ने हमें इस धरा पर जल जंगल और जमीन ही नहीं बल्कि शुद्ध वायु आक्सीजन, फल फूल ओषधि के साथ ही स्वच्छ सुंदर, पर्यावरण युक्त प्रदूषण मुक्त स्वस्थ वातावरण दिया है जिसे संवारना हम सभी का दायित्व है किन्तु स्वार्थ की खातिर स्वच्छ पर्यावरण युक्त वातावरण बढती आबादी एवं विकास की अंधाधुंध में चहुंओर हरे भरे लहलहाते वृक्षों को काटे जाने से पर्यावरण संतुलन बिगड़ने से प्राकृतिक विपदाओं की शुरुआत प्राणी जगत को सचेत करती है कि पेड़ पोंधो के बिना इस धरा पर जीवन संभव नहीं है वृक्ष है तो जीवन है इनके बिना प्राणी जगत का जीवन संभव नहीं है इसी उद्देश्य को लेकर संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था नीमच द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत रविवार दिनांक 20 सितंबर 2026 को हवाई अड्डा झांझरवाडा मार्ग स्थित विश्व संकल्प पर्यावरण वाटिका परिसर में विभिन्न प्रजातियों के फलदार छायादार फुलदार ओषधि युक्त 11 पोंधे रोपित कर पेड़ बनाने का संकल्प लिया ।

इसके पश्चात पुर्व रोपित पोधो के आसपास से खरपतवार घास कंटीली झाड़ियों की साफ-सफाई कर पोधो कि सुरक्षा की गई अभियान में संस्था संरक्षक इंजिंनियर नवीन कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष किशोर बागड़ी, सचिव दुलीचंद कनेरिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार सिन्हा, मुरली चावरिया, सोनु नागर आदि ने सेवा संकल्प अभियान के तहत 2 घंटे श्रमदान कर सहभागिता निभाई उक्त जानकारी संस्था सचिव दुलीचंद कनेरिया ने दी है,

**एक नजर** आवेदनों का संवेदनशीलता, प्राथमिकता और समय-सीमा में निराकरण करने के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं 89 आवेदकों की समस्याएं

**नीमच।** कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 89 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने आवेदकों से उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक आवेदन का गंभीरता से परीक्षण कर संवेदनशीलता, प्राथमिकता एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर चंद्रा ने कहा कि जनसुनवाई आमजन की समस्याओं के समाधान का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसमें प्राप्त प्रत्येक आवेदन पर गंभीरता से कार्रवाई की जाए तथा पात्र आवेदकों को शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक पहल की जाए। जिला स्तर पर निराकरण योग्य प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई कर आवेदकों को राहत पहुंचाने के निर्देश भी दिए।

जनसुनवाई में फसल बीमा, त्वरित उपचार, आवास, भूमि एवं अतिक्रमण, पट्टा, राजस्व अभिलेख, नामांतरण, बंटवारा, पशुपालन ऋण एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। आवेदकों में निरज पटवा ने नामांतरण आदेश प्रदान करने, शैलेन्द्र सिंह ने मकान का नामांतरण प्रमाण-पत्र जारी करने एवं रिकॉर्ड में नाम सुधारने, श्रीमती शारदा बाई ने रास्ता खुलवाने, नागेश्वर, बद्रीलाल एवं शंभूलाल ने ऑनलाइन रिकॉर्ड अपडेट कर पट्टा दिलाने, श्रीमती कलाबाई एवं संगीता ने अभिलेख दुरुस्ती, बद्रीलाल भाम्बी ने किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने, गोपाल मेघवाल ने शासकीय नाले से अतिक्रमण हटाने तथा बंशीलाल पाटीदार ने कृषि भूमि के रास्ते से अतिक्रमण हटाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किए।

# मंदसौर


### एक नजर में

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने 82 आवेदकों की सुनी समस्याएं



**मंदसौर।** मंगलवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने 82 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर एकता जायसवाल एवं जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन ने भी लोगों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में ग्राम अनुपुरा निवासी गिरधारी ने पट्टे की भूमि पर कब्जा दिलाने, रणायरा निवासी जुवानसिंह ने भूमि का इंद्राज दुरुस्त करवाने तथा सिहोर निवासी राकेश ने पट्टे संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा फीस माफी, वृद्धावस्था पेंशन शुरू करवाने, आवासीय भूमि का पट्टा, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ, फसल बीमा, अनुदान राशि एवं रेतम बैराज डेम के भू-अर्जन और नवीन निर्माण सहित विभिन्न समस्याओं से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

## शासन की योजना की मदद से अनीता बनी आत्मनिर्भर



**मंदसौर।** मंदसौर जिले के धुंधडका की रहने वाली अनीता बामनिया शासन की योजना की मदद से आत्मनिर्भर बन गई है। अनीता ने अपने परिवार की खराब आर्थिक स्थिति को देखते हुए अपने स्तर पर भी कुछ अच्छा करने की ठानी परंतु पूंजी के अभाव में कुछ करना संभव नहीं था। इसी बीच उन्होंने शासकीय विभाग से संपर्क किया जिला अंत्योदय सहकारी विकास समिति कार्यालय से उन्हें संत रविदास रोजगार योजना की जानकारी मिली। शासकीय कर्मियों द्वारा सकारात्मक सहयोग करते हुए योजना की पूर्ण जानकारी दी गई। अनीता ने वर्ष 2025-26 में संत रविदास स्वरोजगार योजना में समस्त पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया उनका आवेदन स्वीकृत होकर सेंट्रल बैंक आफ इंडिया से 8 लाख रूपये ऋण राशि हितग्राही को वितरण की गई। योजना से वित्तपोषित सहायता मिलने पर अनीता द्वारा स्वयं का जनरल स्टोर धुंधडका में प्रारंभ किया गया।

# जल झूलनी एकादशी पर निकले भगवान के वेवाण

- शहर में जगह-जगह हुआ भगवान का स्वागत
- आरती और पूजन के साथ श्रद्धालुओं ने मनाया पर्व



**मंदसौर।** जल झूलनी एकादशी एवं डोल ग्यारस के अवसर पर मंगलवार को मंदसौर शहर में धार्मिक आस्था और उत्साह का माहौल देखने को मिला। विभिन्न मंदिरों से भगवान के सजे-धजे वेवाण निकाले गए। आकर्षक सजावट, भगवा ध्वजों और श्रद्धालुओं की मौजूदगी से शहर का वातावरण भक्तिमय हो गया। जगह-जगह भगवान की आरती एवं पूजन कर श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ लिया।

पर्व के अवसर पर मंदिरों में विशेष तैयारियां की गई थीं। भगवान के वेवाण को फूलों, मालाओं और आकर्षक सजावटी सामग्री से सजाया गया। श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में धार्मिक आयोजनों में शामिल हुए। महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। वेवाण के साथ चल रहे श्रद्धालुओं में पर्व को लेकर खासा उत्साह नजर आया।

**जगह-जगह आरती और स्वागत-** भगवान के वेवाण निकलने के दौरान मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा आरती एवं पूजन किया गया। धार्मिक श्रद्धा के साथ लोगों ने भगवान के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। कई स्थानों पर वेवाण का स्वागत किया गया। पर्व के चलते शहर के प्रमुख मार्गों पर धार्मिक गतिविधियों से माहौल उत्सवमय बना रहा। जल झूलनी एकादशी को भगवान विष्णु की आराधना और धार्मिक परंपराओं से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है।



## नशे की रोकथाम को लेकर बैठक

**मंदसौर। कलेक्टर दिव्यांक सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टर सभा कक्ष में नारकोटिक्स एवं नशीली दवाओं की रोकथाम को लेकर समन्वय बैठक आयोजित हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक विनोद मीणा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।**

बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी पर नियंत्रण, अफीम व भांग जैसी फसलों की अवैध खेती पर निगरानी तथा अंतरराज्यीय प्रकरणों की जांच की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्कूल-कॉलेजों में नशे के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए।



## जल झूलनी एकादशी पर हर्षोल्लास के साथ मनाई

**नाहरगढ।** हमारी धार्मिक परम्परानुसार इस वर्ष भी जलझूलनी एकादशी (डोल ग्यारस) के पावन अवसर पर नगर में भगवान श्रीकृष्ण का भव्य डोल जुलूस अत्यंत श्रद्धा और धूमधाम के साथ निकाले।

इस धार्मिक आयोजन को लेकर नगरवासियों एवं मंदिर समिति द्वारा नगर के विभिन्न मंदिरों से भगवान के वेवाड (डोल) पूर्ण विधि-विधान और पूजा-अर्चना के बाद मंदिर से बाहर लाए जाते है। तत्पश्चात, मुख्य बाजारों और मार्गों से होते हुए एक भव्य जुलूस के साथ रामबाग पंहुचते है। इस दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन और %जय कन्हैया लाल की% के जयघोष करते हुए दिखाई दिए। इस परंपरा अनुसार सरोवर/जलाशय पर ले जाया जाता है जहाँ उन्हें जल विहार कराया जाएगा और आरती के बाद महाप्रसादी का वितरण होगा। नगर भ्रमण पर जगह-जगह पुजा-पाठ के साथ सभी दर्शन लाभ प्राप्त करते है उसके बाद अपने अपने मंदिर पर झुले पंहुचते है।

**एक नजर** दीपाखेड़ा स्कूल में उमंग दिवस व सेवा संकल्प अभियान

# विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन, विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया

**दीपाखेड़ा।** शा.उ.मा.वि. दीपाखेड़ा में उमंग दिवस के अंतर्गत स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत आज की थीम उमंग है तो जीवन में रंग है चुनौतियों से ल? कर सकारात्मक संदेश ग?ेंगे गतिविधि में छात्र-छात्राओं ने गर्मजोशी से हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य श्री दिनेश शुक्ला ने मां सरस्वती का पूजन कर किया। कार्यक्रम के अंतर्गत उमंग दिवस कार्यक्रम के प्रभारी श्रीमती बीना पांडे ने अतिथियों का स्वागत किया व उमंग एंथम का सामूहिक गान करवाया। श्री बलभद्र सिंह चौहान ने रैपिड फायर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन करवाया इस प्रतियोगिता में प्रथम - मोनिका, द्वितीय - कृष्णा व तृतीय, राधिका, रही।



श्री मोहनलाल डांगी व राठौ?सर ने छात्र-छात्राओं से ड्रीम कैचर बनवाया तथा इसमें प्रथम रचना, राधेश्याम, द्वितीय - राधिका, गुलाल व तृतीय ज्योति, ललिता रहे। स्वास्थ्य केंद्र से श्री मान सिंह जी डांगी ने (जोश टॉक) चुनौतियों से कैसे ल? पर अपने अनुभव साझा किये कार्यक्रम में शपथ श्री कैलाशचंद्र मालवीय ने दिलवाई वह कार्यक्रम का संचालन श्री विनोद जैन ने किया।

साथ ही विद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के तहत चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसकी थीम मेरे सपनों का भारत रही। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय क्रमश: नेहा, राधा, दिव्यांशी कुंवर व सुरज रहे तथा भाषण प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय क्रमश: राधिका राठौर, कपिल, अनामिका रहे। सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय व तृतीय रहे छात्र-छात्राओं को पारितोषिक वितरण किए गए एवं विद्यालय में पीटीएम का आयोजन किया गया जिसमें एसएमसी के सदस्य व पालक गण उपस्थित रहे। यह जानकारी विद्यालय के शिक्षक श्री मुकेश कुमार आचार्य ने दी।